# करगिल विजय दिवस व हरियालो राजस्थान कार्यक्रम में रोपे पौधे

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़



स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में करगिल विजय दिवस पर शनिवार को 'हरियालो राजस्थान' कार्यक्रम के अंतर्गत शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा नीम का पौधा लगाकर किया गया। उन्होंने शहीदों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इसके उपरांत व्याख्याता कासिम ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी, पौधरोपण के महत्व एवं एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रभावशाली उद्‌बोधन दिया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य, एवं प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह कार्यक्रम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना के प्रति एक सार्थक प्रयास रहा।

दैनिक भास्कर

Pg No. - 6

Date - 27/07/25

# नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

रूपनगढ़| स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय ने की। उन्होंने नशे की सामाजिक एवं मानसिक हानियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। ज्योति बैरवा द्वारा ने समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. बी. एल. देवंदा का एक विशेष वीडियो संदेश प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को भी प्रभावित करता है। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा ऐसे सामाजिक विषयों पर निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते रहने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

दैनिक भास्कर

Pg. No. - 2

Date - 05/08/25

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**भास्कर न्यूज | रूपनगढ़**

स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पूरे देशभक्ति उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं प्रभारी रमेश मीणा द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी देने के साथ हुआ।

इस अवसर पर रमेश मीणा ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए स्वतंत्रता के महत्व और सामाजिक समरसता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा, "नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में लगाएं, तो राष्ट्र का सशक्तिकरण सुनिश्चित है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने कहा, स्वतंत्रता सिर्फ अधिकारों का उत्सव नहीं, बल्कि कर्तव्यों की याद भी है।

वहीं व्याख्याता ज्योति बैरवा ने कहा, देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्मों में झलकनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, नृत्य और नाटक ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

श्रीमान सुरेन्द्र सिंह शेखावत सा
(अति.एस.पी.एसडीआरएफ)

को

दैनिक भास्कर

Pg No. - 25

Date - 17 Aug. 2025

# अधिगम विषय पर व्याख्यान, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आयोजन



रूपनगढ़| स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रूपनगढ़ एवं बगरू टी.टी. कॉलेज, जयपुर के मध्य हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत सोमवार को फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "अधिगम" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। बगरू टी.टी. कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. सुनीता भार्गव ने कहा कि यह केवल ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि व्यवहार, दृष्टिकोण एवं कौशल में स्थायी परिवर्तन लाने वाली सतत प्रक्रिया है। उन्होंने अधिगम के व्यवहारवादी, संज्ञानात्मक व रचनावादी दृष्टिकोणों का उल्लेख करते हुए शिक्षण में छात्र की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनमें स्मृति और अधिगम का संबंध, शिक्षक की भूमिका तथा डिजिटल तकनीक का योगदान जैसे विषय शामिल रहे। डॉ. भार्गव ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय ने डॉ. भार्गव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को विविध शिक्षण पद्धतियों से रूबरू होने का अवसर मिलता है। यह व्याख्यान न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि अधिगम विषय की गहरी समझ विकसित करने में सहायक भी सिद्ध हुआ।

दैनिक भास्कर

Pg No. 2

Date - 26/08/25

# नई शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा व्यवस्था के पुनर्गठन की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**रूपनगढ़** | स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने की। मुख्य अतिथि एवं वक्ता राजकीय महाविद्यालय, रूपनगढ़ के प्राचार्य डॉ. रामनिवास चौधरी रहे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय शिक्षा व्यवस्था के पुनर्गठन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। कॉलेज सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा ने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को प्राथमिकता देती है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने छात्रों को इस प्रकार के व्याख्यानों से जुड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर रमेश मीणा के धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।



# केंद्रीय मंत्री ने खेल महोत्सव का

दैनिक भास्कर

Date - 30 Aug 2025

Pg. No. - 3

# युवाओं को निवेश के महत्व को समझाया

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़



स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को ‘निवेशक जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता’ विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेबी की रिसोर्स पर्सन शकुंतला पारीक ने विद्यार्थियों को निवेश की दुनिया से परिचित कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने स्वागत उद्बोधन से किया। उन्होंने कहा कि आज के आर्थिक परिवेश में निवेश और वित्तीय साक्षरता की जानकारी छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शकुंतला पारीक ने निवेश के विभिन्न साधनों, शेयर बाजार की मूलभूत जानकारी, निवेश करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और निवेशक सुरक्षा उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने खासकर युवाओं को वित्तीय अनुशासन अपनाने और समय पर सही निवेश के महत्व को समझाया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

महर्षि दधीचि जयंती: दाधीच घाट पर

दैनिक भास्कर

Date - 31/08/25

Pg. No. - 9

# हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और पहचान का प्रतीक है : डॉ. रानू वार्ष्णेय



**रूपनगढ़**| स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं और हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और पहचान का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें कविता पाठ, भाषण, गीत एवं नाट्य मंचन प्रमुख रहे। वक्ताओं ने हिंदी की वैश्विक स्थिति डिजिटल युग में हिंदी का भविष्य तथा हिंदी हमारी अस्मिता जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षणार्थी अभिलाषा जोशी, शिवानी शर्मा एवं मनीषा मेघवाल की बेहतरीन प्रस्तुतियां रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता ज्योति बैरवा ने किया, वहीं अंत में कार्यक्रम प्रभारी रमेश मीणा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
Pg. No. - 2
Date - 16/09/2025

स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत

# प्रशिक्षणार्थियों ने रैली निकाल स्वच्छता रखने का संदेश दिया



भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

कस्बे में स्थित स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ बैनर के तले स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं प्रभारी रमेश मीणा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने वीडियो संदेश के माध्यम से रैली के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं प्रेषित की और प्रशिक्षणार्थियों को स्वच्छता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

रैली में प्रशिक्षणार्थियों ने "स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत", "स्वच्छता अपनाओ, बीमारियों से बचाओ" जैसे नारों के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने लोगों को अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को प्रोत्साहित करना था। रैली को सफल बनाने में सभी स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दैनिक भास्कर

Pg. No. - 8

Date - 30/09/2025

# रक्तदान शिविर में दिखाया उत्साह

**रूपनगढ़**| रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय बुधवार को डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती एवं विद्यार्थी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । यह आयोजन स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, रूपनगढ़ एवं कृष्णा हॉस्पिटल रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में तथा आईक्यूएसी बैनर के तले किया गया ।



महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज सचिव डॉ. बीएल देवेंदा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, जे.एल.एन. हॉस्पिटल के चिकित्सक तथा कृष्णा हॉस्पिटल रूपनगढ़ के डॉ. सुरेश ने किया। शिविर में विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं महिलाओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया । रक्त संग्रहण का कार्य जे.एल.एन मेडिकल कॉलेज, अजमेर की ब्लड बैंक टीम ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज व्याख्याता डॉ भारत भूषण ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। अंत में कॉलेज प्रशासन ने सभी टीम सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

दिनांक - 16/10/25

पेज नं० - 4

# राष्ट्रीय एकता दिवस : सरदार पटेल के जीवन पर डाला प्रकाश

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, में आई.क्यू.ए.सी. बैनर के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

यह आयोजन भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्रपट पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवेंदा एवं



अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। इसमें उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

कार्यक्रम में अभिलाषा जोशी ने पटेल के जीवन पर विचार प्रस्तुत किए । इसी क्रम में "सरदार पटेल: नेता, विजेता और प्रेरक" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सभी प्रशिक्षणार्थियों ने माय भारत पोर्टल पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित ऑनलाइन क्विज में भाग लिया और डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त किए ।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ ग्रहण की। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

दिनांक - 1/11/25

Pg No. - 6

# राष्ट्र गीत से देशभक्ति और एकता की भावना का संचार

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक वाचन से हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, सभी प्रशिक्षणार्थी, संकाय सदस्य तथा नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को प्रधानमंत्री के वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर दिए गए विशेष उद्बोधन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कॉलेज व्याख्याता ने बताया कि वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी ने यह राष्ट्रगीत 7 नवंबर 1875 को लिखा था। आज इसके 150 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में देशभक्ति और एकता की अदम्य भावना का संचार करने वाला रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराते हुए शुभकामनाएं दीं।

भास्कर APPOINTMENT

विज्ञापन संख्या : 110 / 2025

भारत सरकार

लोक उद्यम चयन बोर्ड

दैनिक भास्कर

Date - 8 NOV 2025

Pg. No. 5

# स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़



स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अनुभवात्मक विकास के उद्देश्य से बीते 14 नवंबर से 18 नवंबर 2025 तक शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण में प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्राचार्य डॉ रानू वार्ष्णेय ने प्रस्थान पूर्व आयोजित सभा में बताया कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को जीवन, संस्कृति, प्रकृति और इतिहास का प्रत्यक्ष अध्ययन करने का अवसर देता है। यह अनुभव उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और दृष्टिकोण का विस्तार करता है। इस भ्रमण का पहला पड़ाव राजस्थान का सुंदर पर्वतीय स्थल माउंट आबू रहा। यहाँ प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का अवलोकन किया, जिनमें ज्ञान सरोवर (ज्ञान मार्ग दर्शन केंद्र), गुरु शिखर (माउंट आबू का सर्वोच्च शिखर), नक्की झील, टॉड रॉक, सनसेट पॉइंट, पीस पार्क,ओम शांति पार्क (ब्रहमकुमारी संगठन), दत्तात्रेय मंदिर एवं अन्य स्थानीय दर्शनीय स्थल शामिल थे । इन सभी स्थलों पर विद्यार्थियों ने भूगोल, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं । माउंट आबू के बाद दल गुजरात स्थित अंबा माता मंदिर पहुँचा, जहाँ प्रशिक्षणार्थियों ने मंदिर परिसर की स्थापत्य कला, धार्मिक परंपराएं और स्थानीय संस्कृति का अध्ययन किया। देवी दर्शन के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने आध्यात्मिक वातावरण का गहन अनुभव प्राप्त किया । अंबाजी दर्शन के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों ने गब्बर हिल पर स्थित शक्तिपीठ के दर्शन किए। पूरे भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने समूह समन्वय, नेतृत्व क्षमता, व्यवहारिक ज्ञान और सांस्कृतिक समझ का अनुभव प्राप्त किया। दल 18 नवंबर को महाविद्यालय वापस लौटा।

दैनिक भास्कर
Pg No. - 6
Date - 19/11/25






रेनू किरण सोनी आदि मौजूद थी। राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. मिलनकुमार यादव ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सोनिया पाटनी, छात्रा मीना देवासी एवं छात्र सूर्यप्रताप शेखावत व बालकिशन ने विचार व्यक्त किए। निबंध प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रो. रेखा यादव, डा0 तु सारस्वत, डा0 रश्मि भटनागर समेत शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में अंबेडकर सर्किल पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस दौरान बंटी नागौरा, अमन पाटोदिया, जय वाल्मिकी, रेहान खान, गोविंद वाल्मीकि, हेमंत तिगाया, विक्रांत मेघवाल, सिद्धांत पाटोदिया, सोमेश नागोरा, रमेश गवारिया आदि मौजूद थे। इसी तरह ज्योतिर्गय शैक्षणिक एवं पुनर्वास केंद्र पर दिव्यांग छात्र युवराज पाराशर ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का प्रतिरूप बनकर भारत का संविधान पुस्तक को लिखने व हाथ मे लेकर घुमते हुए प्रदर्शन किया। विशेष शिक्षक सत्यप्रकाश व भारती बालोटिया ने संविधान की प्रस्तावना के बारे में जानकारी दी। संस्थान की मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेदप्रभा सेन व कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर सेनी ने उपयोगी जानकारी दी। मंच संचालन प्रीतम ओझा ने किया। तथा शारदा सिंगोदिया, निर्मला वैष्णव, प्रेम देवी, दिनेश ने सहयोग किया।

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संविधान दिवस मनाया गया। प्रशिक्षणार्थियों को संविधान की मूल भावना एवं उसके आदर्शों से परिचित कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में संविधान सभा, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक तत्व तथा भारतीय संविधान से संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार जताया।

दैनिक नवज्योति

Date - 27/11/25

Pg. No. 7

# विवेकानंद कॉलेज में रोजगार प्रशिक्षण शिविर




रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को कैरियर एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रोजगार क्षमता उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के काबिल नवाचार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने बताया कि प्रशिक्षण में संप्रेषण कौशल, वित्तीय प्रबंधन, समय प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) का आधारभूत परिचय आदि विषयों पर सुव्यवस्थित एवं प्रायोगिक सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार की तैयारी, परिचय पत्र लेखन, समूह चर्चा, मंच प्रस्तुतीकरण तथा कार्यस्थल के व्यवहार पर भी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सेंटम फाउंडेशन के काबिल प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुशल प्रशिक्षकों डॉ. सोनाली श्रीवास्तव, मनीष वर्मा और विक्की कुमावत द्वारा किया गया। इन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वास्तविक उद्योग संबंधी अनुभवों के आधार पर रोजगार बाजार की आवश्यकताओं, व्यवसाय के अवसरों, व्यवहारिक कौशलों तथा भविष्य की करियर संभावनाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने विद्यार्थियों से स्वयं को नई शिक्षा एवं कौशल के अनुरूप विकसित करने तथा अवसरों का पूरा लाभ उठाने का संदेश दिया। प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के उपरांत सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह में रमेश मीणा ने आभार जताया।

दैनिक नवज्योति

Date - 04/12/25

Pg. No. - 4

# कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समर्पित कैंसर हॉस्पिटल अजमेर के प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. अर्पित जैन और डॉ. घनश्याम ने प्रशिक्षणार्थियों को कैंसर के विभिन्न प्रकार, इसके प्रमुख कारण, लक्षण, रोकथाम और स्वस्थ जीवन शैली की भूमिका के बारे में जानकारी दी। डॉ. अर्पित जैन ने कहा कि आज की जीवन शैली, गलत खानपान और शारीरिक गतिविधि में कमी के कारण कैंसर सहित कई बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और तनाव प्रबंधन को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। डॉ. घनश्याम ने स्तन कैंसर एवं मुख कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए प्रारंभिक लक्षणों की पहचान और समय पर इलाज की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही रोकथाम का सबसे प्रभावी साधन है। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों नें भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

दैनिक ~~[illegible]~~ ज्योति

Pg. No. 6

Date - 06/12/25



रूपनगढ़। विवेकानंद कॉलेज में जानकारी देते वक्ता। -मीनाक्षी खंडेलवाल

# छात्राओं को बेहतर कॅरियर बनाने के दिए टिप्स

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को करियर सलाह एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने प्रशिक्षणार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला। जयपुर के पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन से आमंत्रित सुमित अग्रवाल एवं अविनाश दीक्षित ने प्रशिक्षणार्थियों को मैनेजमेंट शिक्षा, उसकी विभिन्न धाराओं तथा इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने प्रबंधन क्षेत्र में आवश्यक कौशल जैसे नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, निर्णय क्षमता, संचार कौशल एवं समस्या समाधान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। दोनों विशेषज्ञों ने विभिन्न इंटरएक्टिव गतिविधियाँ आयोजित कीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेंदा तथा महाविद्यालय अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने भी शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने वक्ताओं का आभार जताया।

दैनिक नवज्योति
Pg. No. - 4
Date - 14/12/25

# समारोह में सीनियर स्टूडेंट्स को विदाई, दी, गीत व संगीत की रंगारंग प्रस्तुति

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने दीपक प्रज्वलित कर मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रानू वार्ष्णेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों ने जो इस कॉलेज से सीखा उसे अपने आने वाले जीवन में एक प्रेरणा और एक लक्ष्य के रूप में अपना कर अपना आगे आने वाला भविष्य संवारे। कार्यक्रम में बी एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने बी एड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपको अपना उज्जवल भविष्य बनाने के लिए सभी को सत्य व कर्तव्य निष्ठा के मार्ग को अपना कर आप अपने महाविद्यालय, परिवार, गांव, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में बिताए अपने सुनहरे पलों को मनमोहक भाषण द्वारा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही समस्त स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया एवं जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दैनिक भास्कर

Pg. No. — 9

Date — 16/12/25

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का आगाज

रूपनगढ़ @ पत्रिका. कस्बे के स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचार "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको" को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय ने आयोजित होने वाली शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। डॉ. शकुंतला पारीक ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया।

राजस्थान पत्रिका

13/01/26

Pg. No. 5

दैनिक भास्कर

# राष्ट्रीय युवा सप्ताह का हुआ समापन

रूपनगढ़| रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन दिवस पर शैक्षिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रशिक्षणार्थियों ने रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर मेरे सपनों का भारत विषय पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई। राष्ट्रीय युवा सप्ताह का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से पधारी शीला दीदी व भाई हरदयाल ने राजयोग-मेडिटेशन सत्र का समापन कराया। समारोह में सचिव डॉ. बीएल देवेंदा एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने युवाओं की भूमिका पर प्रेरक विचार रखे। अंत में प्रभारी रमेश मीणा ने अतिथियों का सम्मान व आभार व्यक्त किया।



रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन दिवस पर उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी।

दैनिक भास्कर

20|01|26

Pg. No. - 5

# साइबर सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम




रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में गुरुवार को जयपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा साइबर सुरक्षा एवं नवीन न्याय संहिता विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को महिला अधिकार, महिला सुरक्षा कानून, साइबर बुलीइंग तथा विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही केवाईसी स्कैम, एपीके फाइल स्कैम, ऑनलाइन जॉब स्कीम, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, डीप फेक क्राइम तथा फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। एडीजे लता कुमारी ने राज कॉप सिटिजन एप का लाइव डेमो देते हुए बताया कि एप के माध्यम से आसानी से शिकायत दर्ज होने और त्वरित प्रतिक्रिया प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने प्रशिक्षणार्थियों को जागरुक एवं आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। वहीं महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने विचार व्यक्त किए।

दैनिक नवज्योति

Date - 13/03/26

Pg. No. - ②

# संविधान को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता



नसीराबाद। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। -शैलेन्द्र गोयल




रूपनगढ़। कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। -मीनाक्षी खंडेलवाल

नसीराबाद श्री गोविंद सिंह गुर्जर राजकीय महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर संविधान को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों ने क्विज प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को बाबा साहेब के जीवन एवं भारतीय संविधान के प्रति जागरूक किया गया। क्विज में कुल 25 प्रश्न निर्धारित समय 15 मिनट में हल करवाए गए तथा प्रतिभागियों को तुरंत परिणाम एवं ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। इसी क्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम प्रभारी प्रेमराज चौधरी द्वारा विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलवाई गई। आयोजन में विश्वजीत छतवानी, राजेश शर्मा, डॉ. अनीता रायसिंघानी, शारदा मीणा, मीनल शर्मा तथा सुखपाल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्राचार्य डॉ. सोनाली गोयल ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की सीख दी।

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रशिक्षणार्थियों को संविधान को जानो क्विज प्रतियोगिता हुई । कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के निर्देशानुसार क्विज ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त किए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला तथा प्रशिक्षणार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने और संविधान मूल्यों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सामाजिक समानता, शिक्षा के महत्व और अधिकारों के प्रति जागरूकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पुष्कर। सूरजनारायण पारीक महिला टीटी कॉलेज में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में सामाजिक जागरूकता, समानता और संवैधानिक मूल्यों का संदेश प्रसारित किया गया। महाविद्यालय की निदेशक प्रियंका पारीक एवं स्टाफ सदस्यों ने दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्राध्यापिकाओं ने फुले और अंबेडकर के विचारों, सामाजिक समरसता, शिक्षा के महत्व और संविधान के मूल सिद्धांतों पर विचार प्रस्तुत किए। वहीं सभी छात्राध्यापिकाओं को भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई गई।

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिवार द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्राचार्य प्रो. मिलन कुमार यादव ने विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के अध्ययनशील व्यक्तित्व, धैर्य, साहस एवं उच्च नैतिक मूल्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

भाजपाइयों ने किया नमन नसीराबाद। भारत रत्न डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा मंडल नसीराबाद द्वारा अंबेडकर सर्किल पर मंडल अध्यक्ष महेश मेहरा की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम को भाजपा मंडल द्वारा अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहब की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान भाजपा मंडल पदाधिकारी सहित गणमान्यजन मौजूद थे। पुष्कर। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारियों ने अंबेडकर सर्कल स्थित पार्क में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व सभापति कमल पाठक, देहात जिला उपाध्यक्ष अशोक पाराशर, जिला प्रवक्ता अरुण वैष्णव, रोहन बाकोलिया, धर्मेंद्र नागोरा, शंभू चौहान, अंशुमान पाराशर, महेंद्र चौहान, घनश्याम भाटी, धीरज जादम, लक्ष्मीकांत गौड़, देवांश पाराशर आदि उपस्थित थे।

सरवाड़। कस्बे में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती विभिन्न संगठनों की ओर से श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी।अनुसूचित जाति विभाग के नगर अध्यक्ष चेतन कुमार खिंची ने बताया कि सरवाड़ एवं नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे प्रातः 8:30 बजे अंबेडकर सर्किल पर जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम में अजमेर प्रभारी एवं सरवाड़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्यामलाल बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम रेगर करेंगे।

सरवाड़। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूर्व संध्या पर सोमवार शाम गणेशगंज स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीपदान किया गया। शहर भाजपा मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई जाएगी। प्रातः 10बजे गणेशगंज स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

10

दैनिक नवज्योति
Date - 14/04/26
Pg. No. - 10

# छात्रा ने माय बजट क्वेस्ट में लिया भाग

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रशिक्षणार्थी



माया बाना ने प्रतिष्ठित माय बजट भारत क्वेस्ट में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित पैनल डिस्कशन में प्रशिक्षणार्थी ने मानव संपदा का शिक्षा कौशल विकास और रोजगार में निवेश विषय पर अपने विचार रखे। प्रशिक्षणार्थी ने अपने महत्वपूर्ण प्रश्न एवं सुझाव राजस्थान के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा भारत सरकार के अन्य केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष साझा किए। महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

दैनिक नवज्योति

Date - 17/04/26

Pg. No. - ②